उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, थानो रोड़ रायपुर, देहरादून।
वेबसाइट– www.sssc.uk.gov.in दूरभाष– 9520991172/9520991174

संख्याः –1808 /संवाद/2022–23 दिनांकः 31 जनवरी,2023

संवाद

प्रायः यह देखने में आया है, कि अभ्यर्थियों का आयोग द्वारा पूर्व में सम्पादित परीक्षाओं के परिणाम एंव चयन की कार्यवाही के संबंध में जानकारी हेतु निरन्तर आयोग कार्यालय में आना–जाना बना रहता है, जिससे आयोग कार्यालय के कार्यो मे व्यवधान आ रहा है।

अवगत कराना है, सभी अभ्यर्थी आयोग की कुछ पूर्व परीक्षाओं में गडबडीयों व जॉच संबंधी घटनाक्रम से भिज्ञ है, इसी अवधि में आयोग के सचिव, परीक्षा नियत्रक व मा0 अध्यक्ष भी परिवर्तित हुए हैं। इस विपरीत घटनाचक्र व वातावरण के उपरान्त आयोग के परीक्षा सम्बंधी कार्यों को आगे बढाये जाने में कठिनाई आनी स्वाभाविक थी । मा0 अध्यक्ष व नये अधिकारियों द्वारा आयोग की सभी प्रक्रियाओं को समझने के बाद पुलिस जॉच के अधीन आने वाली परीक्षाओं के अतिरिक्त अन्य भर्ती परीक्षाओं पर अभ्यर्थियों के हित में सभी सम्भावित पक्षों पर विचार करते हुये आगे की चयन प्रक्रियाओं के संबंध में निर्णय लिये गये।

आयोग द्वारा उक्त विषय की गंभीरता को देखते हुये पूर्व में बतायी गयी अवधि के अनुसार दिसम्बर माह के अन्त में अभ्यर्थियों के हित में सभी लम्बित 08 भर्ती परीक्षाओं पर स्थिति साफ करते हुये, इन भर्ती परीक्षाओं पर आगे की चयन की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी, तद्नुसार सर्वप्रथम सहायक अध्यापक (एल0टी0) की भर्ती परीक्षा की चयन की कार्यवाही प्रारम्भ कर अवशेष पदों पर परिणाम व अभिलेख सत्यापन की कार्यवाही सम्पादित करवायी गयी। वर्तमान मे सहायक अध्यापक (एल0टी0) के लगभग 13 विषयो के 1431 पदों पर चयन संस्तुती की कार्यवाही गतिमान है। अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन, अन्य परीक्षण व डोजीयर तैयार किये जाने में समय लगना स्वाभाविक है, अतः यह प्रक्रिया फरवरी मध्य तक पूर्ण होने की संम्भावना है,

इसके पश्चात फरवरी तृतीय सप्ताह में पुलिस रैंकर्स का परिणाम तथा आशुलिपिक/वैयक्तिक सहायक भर्ती परीक्षा की आगे की चयन कार्यवाही प्रारम्भ की जायेगी। इसके साथ ही कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा पर आगे की चयन कार्यवाही के अर्न्तगत पूर्व में सम्पादित कम्प्यूटर टंकण परीक्षा में आ रही कमियों के निस्तारण हेतु संबंधित डाटा का परीक्षण कर सफल अभ्यर्थियों का परिणाम माह मार्च द्वितीय सप्ताह में जारी कर अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया सम्भावित है। इसके पश्चात 04 भर्ती परीक्षाओं अनुदेशक/कर्मशाला अनुदेशक, मत्स्य निरीक्षक, मुख्य आरक्षी (दूरसंचार पुलिस) एंव

क्रमशः–2–

वाहन चालक, के पदो पर अप्रैल माह में परिणामो के संबंध में अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।

अभ्यर्थियो को यह भी अवगत कराना आवश्यक है कि वर्तमान में परीक्षा परिणाम तैयार किये जाने की प्रक्रिया मे समस्त स्टॉफ नया होने के कारण डाटा परीक्षण एंव प्रोसेस में कठिनाई आ रही है व समय लग रहा है। अतः उक्त परीक्षा प्रक्रियाओं की निश्चित तिथि का निर्धारण सम्भव नहीं है। इन कार्यो मे शीध्रता करना भी उचित नही है अन्यथा गलती व त्रुटि होने पर विधिक विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है , जो आयोग एंव अभ्यर्थियों के हित में नहीं होगा।

आयोग यह विश्वास दिलाता है, कि आयोग की आगामी परीक्षाओं के आयोजन से पूर्व उक्त लम्बित परीक्षाओं पर चयन की कार्यवाही पूर्ण कर ली जायेगी।

अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है , कि उक्त तथ्यों को संज्ञान में रखते हुये आयोग का सहयोग करें। आयोग कार्यालय पर अनावश्यक भीड व गलत तरीके से बैठकर आवागमन को बाधित करना अनुशासनहीनता एंव आयोग पर अनावश्यक दबाव बनाने की कार्यवाही मानी जायेगी। आयोग के विज्ञापनों में भी स्पष्ट निर्दिष्ट किया गया है कि इस प्रकार की गतिविधि से अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त भी किया जा सकता है।

आयोग की ओर से..

- Sd -

(सुरेन्द्र सिंह रावत)

सचिव